प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.11.2025/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार''

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल की उपलब्धता व सुरक्षा के लिए लोगों से मिलकर काम करने का किया आग्रह।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पालमपुर में हैलीपोर्ट की रखी आधारशिला– कहा–शिमला व चण्डीगढ़ के लिए मिलेगी हैलीकॉप्टर सुविधा।
- प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की सरकार की पहल के सकारात्मक परिणाम आए सामने–किसानों की आय में हुई वृद्धि।
- मुख्यमंत्री ने कहा–पंचायत चुनाव को लेकर सरकार गंभीर–मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के प्रावधान पर कानूनी अध्ययन जारी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार के तीन साल के कार्यकाल को बताया निराशाजनक– हार के डर से पंचायत चुनाव टालने का लगाया आरोप।

राष्ट्रपति – जल शक्ति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन आज के समय में जल चक्र को प्रभावित कर रहा है। नई दिल्ली में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 और प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश के लिए जल का कुशल उपयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष शुरू किए गए जल संरक्षण जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत 35 लाख से अधिक भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 19 नवंबर को तमिलनाडू के कोयंबटूर से देश भर के 9 करोड़ किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि की 21वीं किस्त जारी करेंगे। प्रधानमंत्री इस अवसर पर वहां उपस्थित जनसमूह को भी संबोधित

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज पालमपुर में 19 करोड़ 77 लाख रूपये की लागत से बनने वाले हैलीपोर्ट की आधारशिला रखी। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस हैलीपोर्ट को अगले वर्ष अप्रैल तक पूरा कर दिया जाएगा और यहां से चण्डीगढ़ व शिमला के लिए किफायती किराए पर हैलीकॉप्टर सेवाएं शुरू हो जाएंगी। इससे पहले उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गोपालपुर का निरीक्षण भी किया और मरीजों व कर्मचारियों से बातचीत की। इस बीच मुख्यमंत्री ने पालमपुर के गुजरेहड़ा स्थित नवनिर्मित पंजपीरी शीतला माता मंदिर में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के साथ पूजा–अर्चना भी की। उन्होंने कहा कि हिमाचल के लिए गर्व की बात है कि श्री श्री रवि शंकर ने धौलाधार की गोद में कैलाश आश्रम की स्थापना की है जहां दुनियाभर के अनुयायी नई ऊर्जा प्राप्त करने पहुंचेंगे। इस दौरान श्री श्री रवि शंकर ने कहा कि उनका संगठन प्रदेश में ऑस्टियोपैथी कॉलेज स्थापित करने का इच्छुक है ताकि स्थानीय युवा इस आधुनिक उपचार पद्धति को सीखकर स्थाई आजीविका अर्जित कर सके।

प्राकृतिक खेती

राज्य सरकार प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ा दे रही है और किसान व बागवान इस खेती की अपना रहे हैं। सरकार के प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और किसान रसायनिक खादों को छोड़ कर प्राकृतिक विधि से खेती कर बेहतर आमदनी अर्जित कर रहे हैं। और ब्यौरे के साथ हमारे मंडी जिला संवाददाता

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने प्रदेशवासियों से नशे के खात्मे के लिए सामूहिक सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया है। वे आज शिमला में नशा मुक्त भारत अभियान के 5 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने नशे के विरूद्ध राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर किए जा रहे विभिन्न प्रयासों को नशा मुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण बताया। शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार ने नशे के खात्मे के लिए चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान शुरू किया है जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी ज़रूरी है। इस अवसर पर वृद्धजनों और स्कूली छात्रों के बीच संवाद व विचार–विमर्श सत्र का आयोजन भी किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान पिछले 5 वर्षों से देश के सभी राज्यों में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है।

सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में 40 वर्ष पूरे कर चुकी जल विद्युल परियोजनाओं को राज्य को सौंपने का केन्द्र से आग्रह किया है। दिल्ली दौरे के बाद आज कांगड़ा जिला के पालमपुर में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि शानन जल विद्युत परियोजना की लीज अवधि समाप्त हो गई है लेकिन अभी तक ये प्रोजैक्ट हिमाचल को वापिस नहीं किया गया है।

*शानन जो प्रोजेक्टस है अब वो लीज खत्म हो गई है । अब हमने कहा कि सहमति से बनता तो अच्छी बात है शानन प्रोजेक्ट नहीं तो सरकार का अधिकार है सरकार उसको टेकओवर कर सकती है। हम चाहते हैं कि जब कानून के हिसाब से जब लीज खत्म हो जाती है और कोई सरकार लीज को रिन्यू नहीं करती है तो प्रोजेक्ट हमको वापस मिलना चाहिए। हम तो केंद्र सरकार से ये बात कर रहे हैं कि जब शामन प्रोजेक्ट की लीज खत्म हो होगी तो कौन सा कानून है जिसके आधार पर उसको रिन्यू कर दें। मैने 99 साल तक एक जगह आपको दी ,99 साल के बाद में कहता हूं कि ये जगह में आपको नहीं दूंगा या तो मैं दोबारा उस जगह को दूं। हम पंजाब सरकार को ये कहते हैं कि जो सही है उसको कार्य,ये जितने डैम बनते हैं इसके कारण डिजास्टर हम लोग सहन कर रहे हैं, हमारे लोग ऑस्टिस बने, उनको जगह नहीं मिली*

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अभी तक प्राकृतिक आपदा के बाद पुर्नवास कार्य चल रहे हैं और सभी सड़कें बहाल होने पर ही पंचायत चुनाव हो पाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा लगाए गए मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट–2020 के प्रावधान का भी कानूनी अध्ययन किया जा रहा है।

*डिजास्टर एक्ट लगा है,सबसे पहले मेरा दायित्व डिजास्टर में आपदा प्रभावित परिवारों को राहत पहुंचाना है। और जब आपदा राहत परिवारों को राहत पहुंच जाएगी, पंचायतों की सड़कें खुल जाएगी, पंचायतों में जब सड़के खुलेगी नहीं, वोटर को राइट कैसे स्नैच कर सकते हो आप। यह सब चीजों को ध्यान में रखकर हम कार्य कर रहे है ।पंचायत के चुनाव होंगे और इसमें कोई दो राय नहीं है। नहीं स्टेट इलेक्शन ने जो अधिसूचना जारी की है उसका कानूनी*

*<u>अध्ययन किया जा रहा है और मेरा मानना है जीजू भी कानून के दायरे के तहत होगा, वो ही हम उसमें कार्रवाई करेंगे।</u>*

सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि वे प्रदेश को वर्ष 2032 तक सबसे समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

<u>जयराम ठाकुर</u>
नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार का तीन वर्ष का कार्यकाल नाकामी और निराशाजनक रहा है। आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदा के कारण प्रदेश में करीब 5 सौ लोगों की जान गई है और हजारों लोग बेघर हुए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि आपदा से सबसे अधिक प्रभावित मंडी ज़िले में सरकार अभी तक हर पीड़ित तक राहत नहीं पहुंचा पाई है तो जश्न किस बात का मना रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने प्रदेश के पंचायतों और शहरी निकायों में राज्य चुनाव आयोग द्वारा लगाए गए मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट– 2020 के प्रावधान को लागू करने को सही बताया है।

जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर आपदा के नाम पर हार के डर से पंचायत चुनाव टालने का आरोप लगाया।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हिमाचल की आपदा में हर बार केन्द्र का भरपूर सहयोग रहा है।

<u>'' मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल की उपलब्धता व सुरक्षा के लिए लोगों से मिलकर काम करने का किया आग्रह।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पालमपुर में हैलीपोर्ट की रखी आधारशिला– कहा–शिमला व चण्डीगढ़ के लिए मिलेगी हैलीकॉप्टर सुविधा।
- प्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की सरकार की पहल के सकारात्मक परिणाम आए सामने–किसानों की आय में हुई वृद्धि।
- मुख्यमंत्री ने कहा–पंचायत चुनाव को लेकर सरकार गंभीर–मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के प्रावधान पर कानूनी अध्ययन जारी।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार के तीन साल के कार्यकाल को बताया निराशाजनक– हार के डर से पंचायत चुनाव टालने का लगाया आरोप।